हजारों लोगों ने लिया नशामुक्ति का संकल्प

नशा बिगाड़ देता है दशा : आचार्य महाश्रमा

<u>सरदारशहर 30 सितज़्बर, 2010</u>

आचार्यश्री महाश्रमण ने अणुव्रत समिति के द्वारा अणुव्रत सप्ताह के अन्तर्गत आयोजित नशामुक्ति दिवस पर कहा कि नशा आदमी की दशा बिगाड़ देता है। नशे कारण गरीब और गरीब होते जा रहे हैं। परिवारों में समस्याएं बढ़ रही है। जब हम यात्राएं करते हैं तो ऐसे अनेक प्रसंग सामने आते हैं। हमारे पास महिलाएं आती है और अपने पति के द्वारा नशा किये जाने की जानकारी देती हैं। इससे उत्पन्न होने वाली समस्याओं का दुखड़ा रोती है। उनको देखकर ऐसा लगता है नशे के कारण आदमी अद्योगति की तरफ चला जाता है।

उन्होंने तेरापंथ भवन में हजारों लोगों को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाते हुए कहा कि नशा एक आदत होती है, आदत को बदलने के लिए अज़्यास की जरूरत होती है। प्रेक्षाध्यान से हम अपनी आदतों को बदल सकते हैं। उन्होंने कहा कि नशा पाप को बढ़ाने का निमित्त बन जाता है।

अणुव्रत प्रभारी मुनि सुखलाल ने कहा कि महिलाओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है भावी पीढ़ी को नशे से दूर रखने में आज के इस अभियान से सभी लोग नशा मुक्त जीवन जीने की प्रेरणा लें।

कार्यक्रम के मुज़्य वक्ता छगनलाल शास्त्री ने कहा कि मनुष्य के भीतर अनंत शक्ति है उस शक्ति को नशे के द्वारा कुंठित न करें। गिरधारीलाल पारीख ने कहा कि सहि समय पर सही निर्माण लेने वाला ही श्रेष्ठ पुरुष होता है। कार्यक्रम मंगलाचरण तेरापंथ महिला मण्डल ने एवं संचालन सपना लूणिया ने किया। डालचन्द चिण्डालिया ने आभार ज्ञापन किया। अणुव्रत समिति की तरफ से अतिथियों का साहित्य एवं मोमेन्टो के द्वारा सज़्मान किया गया। कोलकाता महिला मण्डल ने गीत की प्रस्तुति दी।

प्रेक्षाध्यान शिविर का समापन

सरदारशहर 30 सितज़्बर, 2010

जैन विश्व भारती लाडनूं के प्रेक्षाध्यान फाण्डेशन द्वारा आयोजित प्रेक्षाध्यान शिविर का समापन आचार्यश्री महाश्रमण के सान्निध्य में हुआ। शिविर के संदभ्र में सज़्पूर्ण जानकारी विमल गुलगुलिया ने प्रदान की। आचार्य महाश्रमण ने शिविरार्थियों को प्रेक्षाध्यान के अज़्यास को निरंतर बनाये रखने की प्रेरणा देते हुए कहा कि स्वयं को देखने का प्रयास होना चाहिए। प्रेक्षाध्यान स्वयं को देखने का सशक्त माध्यम है।

महिला शक्ति का अधिवेशन आज से

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मण्डल द्वारा आचार्य महाश्रमण के सान्निध्य में 1 से 3 अक्टूबर तक चलने वाले महिला शक्ति के अधिवेशन का आगाज आज प्रात: 8.30 बजे किया जायेगा। इस सन्दर्भ की जानकारी देते हुए महिला मण्डल की महामंत्री वीणा बैद ने बताया कि इस अधिवेशन में सज़्पूर्ण देश की शाखा परिषदों से महिलाएं भाग लेगी। महिला शक्ति को विकास की ओर बढ़ने का विशेष प्रशिक्षण देने के साथ ही इस अधिवेशन में मण्डल की कार्ययोजना पर चिंतन मंथन भी किया जायेगा। अखिल भारतीय महिला मण्डल द्वारा चलाये जा रहे अभियान 'आओ चलें गांव की ओर' काफी लोकप्रिय हो रहा है और इसके द्वारा ग्रामीण महिलाओं में शिक्षा, चिकित्सा, के प्रति जागरूकता फैलाने का ठोस कार्य हो रहा है। वीणा बैद ने बताया कि महिला मण्डल ने कन्या भ्रूण हत्या पर विशेष कार्य कर रही है। मण्डल की 55 हजार महिला कार्यकर्त्ताओं के द्वारा 2.40 लाख कन्या भ्रूण हत्या निषेध संकल्प पत्र भरवाये जा चुके हैं।

- शीतल बरड़िया (मीडिया संयोजक)